# वागड़ संदेश

जन मन की आवाज

www.wagadsandesh.com

Tital Code RAJHIN27802

वर्ष-1 अंक-262 सागवाड़ा, शनिवार, 11 जून, 2022 अवधि: हिन्दी ई-पेपर पृष्ठ-1, मूल्य-10 रु. (वार्षिक)



सम्पर्क

ई पेपर मे खबरे व विज्ञापन के लिये सम्पर्क करें

ई मेल editorwagadsandesh@gmail.com

8890633631
9309255545
6351581818


## कोरोना काल में श्रेष्ठ सेवाओं के लिए डॉक्टर और नर्सिंग स्टाफ का सम्मान

### भाजपा नगर मंडल की ओर से आयोजन हुआ

**सागवाड़ा।** सेवा, सुशासन, समर्पण और गरीब कल्याण पखवाड़े के तहत करोना काल में श्रेष्ठ सेवाएं देने वाले चिकित्सा अधिकारी एवं स्टाफ को भाजपा नगर मंडल की ओर से सम्मानित किया। भारतीय जनता पार्टी द्वारा देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र में भाजपा सरकार के 8 वर्ष पूर्ण होने पर सेवा सप्ताह मनाया जा रहा है।

पंडित दीनदयाल उपाध्याय राजकीय चिकित्सालय एवं प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पुनर्वास कॉलोनी में भाजपा नगर मंडल सागवाड़ा की ओर से सांसद कनकमल कटारा के नेतृत्व में कोरोना स्वास्थ्यकर्मियों, डॉक्टर्स एवं टीकाकरण अभियान में लगे कर्मचारियों का सम्मान किया गया। इस अवसर पर पूर्व पालिका अध्यक्ष सत्यनारायण सोनी, पूर्व पालिका उपाध्यक्ष नारायण दर्जी, पूर्व पालिका अध्यक्ष बदामीलाल मेहता, नेता प्रतिपक्ष हरीश सोमपुरा, पूर्व जिला महामंत्री अशोक पटेल, नगर अध्यक्ष श्याम भट्ट , जिला मंत्री आशा पाटीदार, कायक्रम के सह संयोजक पूर्व पालिका उपाध्यक्ष कुतुबुद्दीन कोठी, सह संयोजक नरेंद्र गोवाड़िया , नगर महामंत्री नीरज पंचाल, नगर उपाध्यक्ष बालकृष्ण पाटीदार, नगर उपाध्यक्ष किशोर सेवक, युवा नेता नयन कटारा, युवा मोर्चा जिला उपाध्यक्ष दशरथ खटिक, ओबीसी मोर्चा जिला महामंत्री दिलीप पटेल, ओबीसी मोर्चा जिला उपाध्यक्ष नटवरलाल पंचाल, अनुसूचित जाति मोर्चा जिला महामंत्री यशवंत खटिक, किसान मोर्चा नगर अध्यक्ष भुपेश पंवार, सोशल मीडिया विधानसभा संयोजक लक्ष्यराज शर्मा, ओबीसी मोर्चा नगर अध्यक्ष विजय पंचाल, अनुसूचित जाति मोर्चा नगर अध्यक्ष जगदीश मोची, युवा मोर्चा नगर अध्यक्ष प्रियंक भासरिया महामंत्री भावेश माली, पार्षद संजय जैन, पार्षद करन हरिजन, आनंद मेहता, बूथ अध्यक्ष राधेकृष्ण दर्जी , जिग्नेश शाह, मणिलाल यादव मौजूद थे।



## चिकित्साकर्मी कोरोना वोरियर्स का फुल मालाओं से किया स्वागत



**ओबरी।** केन्द्र की मोदी सरकार के सफलतम आठ वर्ष पूर्ण होने पर शीर्ष नेतृत्व के निर्देशानुसार सेवा, सुशासन ओर गरीब कल्याण कार्यक्रम के आयोजन के संदर्भ में शनिवार को भारतीय जनता पार्टी ओबरी मंडल के कार्यकर्ताओं ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ओबरी में चिकित्साकर्मी कोरोना वोरियर्स का फुल मालाओं से स्वागत-सत्कार किया। उक्त कायक्रम के मुख्य अतिथि मंडल अध्यक्ष नटवरलाल पटेल रहे। अध्यक्षता डॉक्टर अभिनव मीणा व विशिष्ट अतिथि रविकांत मीणा, प्रमोद पण्ड्या, मणिदेवी, कोमल जोशी, मनीष खांट, कोमल कलाल, कमलेश कलाल, ममता भगोरा सहित समस्त चिकित्सा स्टाफ रहा। स्वागत में उपाध्यक्ष भारतसिह आहडा, नाथूलाल पाटीदार, किशोर दवे, घनश्याम सोनी, नारायण बामनिया, दिनेश पुरोहित, मुकेश सेवक, महेन्द्रसिह पंवार सहित कई कार्यकर्ता उपस्थित रहे। संचालन मंडल महामंत्री दिलीप जोशी एवं आभार चंदनसिह चौहान ने व्यक्त किया।

## सरकारी स्कूलों में पढ़ा सकेंगे प्राइवेट टीचर

**बीकानेर।** राजस्थान के इंग्लिश मीडियम महात्मा गांधी स्कूल्स में इंटरव्यू के बाद भी योग्य टीचर्स नहीं मिलने के बाद अब गेस्ट फेकल्टी से इन स्कूलों में पढ़ाई करवाने का निर्णय किया गया है। माध्यमिक शिक्षा निदेशक गौरव अग्रवाल ने शनिवार को जारी एक आदेश में उन महात्मा गांधी स्कूल्स में गेस्ट फेकल्टी से टीचर लगाने की स्वीकृति दी है, जहां एक बार इंटरव्यू के बाद भी कोई टीचर नहीं मिल पाया है। इन टीचर्स को 300 से 400 रुपए प्रति घंटे के हिसाब से वेतन दिया जाएगा। राज्यभर में हजारों की संख्या में महात्मा गांधी स्कूल्स खुले हैं। इन स्कूल्स में अंग्रेजी में पढ़ाने वाले टीचर्स को लगाया जाना था। इसके लिए सरकारी स्कूलों में नियुक्त टीचर्स के इंटरव्यू किए गए, लेकिन बहुत कम पद भरे जा सके। शहरी क्षेत्र के महात्मा गांधी स्कूल में तो सब्जेक्ट टीचर मिल गए, लेकिन गांवों में ऐसे टीचर नहीं है। ऐसे में अब इन पदों पर गेस्ट फेकल्टी से पद भरा जा रहा है। माध्यमिक शिक्षा निदेशालय ने राज्य के सभी जिला शिक्षा अधिकारियों व महात्मा गांधी स्कूल के प्रिंसिपल को गेस्ट फेकल्टी के लिए स्वीकृति दे दी है। जिन स्कूल्स में एक बार इंटरव्यू के बाद भी टीचर नहीं मिले हैं, वहीं पर गेस्ट फेकल्टी से टीचर लगेंगे।

## पुनर्वास कॉलोनी में वीर हनुमान मंदिर का हुआ भूमिपूजन

**सागवाड़ा।** पुनर्वास कॉलोनी के श्री सिद्धिविनायक मंदिर पर भव्य महावीर मंदिर निर्माण को लेकर विप्र तुलसीराम व्यास के आचार्यत्व व यजमान किशोर भट्ट, कन्हैया लाल व्यास, हरेंद्र सिंह राठौड़, राज जोशी, प्रदीप कंसारा और मनोहर लाल पंचाल के सानिध्य में वैदिक मंत्रों व पूर्ण विधि-विधान के साथ भूमि पूजन किया गया संरक्षक मंडल के समाजसेवी ध्यानी लाल कंसारा, जीवन लाल पाटीदार, पंकज शाह व बंसीलाल पंचाल ने बताया कि परिसर के निकट नगर पालिका द्वारा आधुनिक उद्यान का निर्माण किया जा रहा है ।

इसी को लेकर सर्व समाज द्वारा लिए गए निर्णय अनुसार परिसर की भव्यता व कोरिडोर निर्माण के विकास कार्य किए जा रहे हैं। कमेटी के नवनिर्वाचित अध्यक्ष किशोर भट्ट ने बताया कि परिसर में वटवृक्ष, पीपल बिली सहित श्री सिद्धिविनायक, महादेव व माताजी मंदिर के साथ रामद्वारा सत्संग भवन का निर्माण किया गया है। जन सहयोग से रामद्वारा के सामने भव्य वीर हनुमान मंदिर का निर्माण किया जा रहा है जिसमें पूर्व से प्रतिष्ठित मूर्ति को स्थापित किया जाएगा।

भूमि पूजन उपरांत निर्जला एकादशी कथा वाचन तथा भजन कीर्तन व सत्संग किया गया। इस अवसर पर वास्तु शास्त्री अरुण सोमपुरा, रमेश चंद्र वैष्णव, कमल जांगिड़, मोहन लाल पटेल, प्रकाश चंद्र भाटिया, कमलेश राव, जितेंद्र सिंह, कन्हैयालाल पंचाल, प्रकाश व्यास, धनेश्वर जांडा, केशवलाल दर्जी सहित श्रद्धालु उपस्थित थे।



## ओबरी मंडल किसान मोर्चा के अध्यक्ष का स्वागत किया



**ओबरी।** भाजपा ओबरी मंडल किसान मोर्चा के अध्यक्ष नाथूलाल पाटीदार का मनोनयन होने पर डेचा निवासी समाज सेवी दिनेश पाटीदार, डेचा उपसरपंच जीवण पाटीदार, वार्डपंच बंसीलाल डामोर, रमणलाल पाटीदार, युवामोर्चा से राहुल डामोर, रणजीत डामोर, हितेश पाटीदार, मोहनलाल, धनपाल डामोर सहित कई भाजपा के कार्यकर्ता व ग्रामीण उपस्थित रहे। वहीं ओबरी मंडल अध्यक्ष नटवरलाल पटेल का आभार व्यक्त किया।

## एक बच्ची के पिता ने घर में फांसी लगाकर की आत्महत्या, बच्ची के साथ पीहर गई हुई थी गर्भवती पत्नी

**डूंगरपुर।** जिले के बिछीवाडा थाना क्षेत्र के आमझरा गांव में एक युवक ने अपने घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। दो दिन से युवक अपने घर पर अकेला था। उसकी गर्भवती पत्नी एक बेटी के साथ अपने पीहर गई हुई थी। आत्महत्या के कारणों का खुलासा नहीं हो पाया है। पुलिस ने पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौप दिया है। वही मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है ।

डूंगरपुर जिले के बिछीवाडा थाने के थानाधिकारी रणजीत सिंह ने बताया की आमझरा मनात फला निवासी जितेन्द्र पिता धनजी भगोरा अपनी गर्भवती पत्नी व एक बेटी के साथ अकेला रहता था। उसके माता-पिता की मौत हो चुकी है। थानाधिकारी रणजीत सिंह ने बताया की दो दिन पहले जितेन्द्र भगोरा की गर्भवती पत्नी अपनी बेटी के साथ पीहर गई हुई थी वही जितेन्द्र भगोरा अपने घर अकेला था। आज सुबह जब जितेन्द्र काफी देर तक घर से बाहर नहीं निकला तो पड़ोसियों ने घर पर जाकर देखा तो जितेन्द्र का शव घर के अन्दर फंदे से लटका हुआ था। जिस पर आसपास के लोगो ने मामले की सुचना बिछीवाडा थाना पुलिस को दी। सुचना पर बिछीवाडा थाने से हैड कांस्टेबल रतनाराम मौके पर पहुंचे और लोगो से मामले की जानकारी ली। वही इसके बाद पुलिस ने मामले की सुचना पीहर गई हुई जितेन्द्र की पत्नी को दी। सुचना पर जितेन्द्र भगोरा की पत्नी मौके पर पहुंची और उसके बाद पुलिस ने शव को नीचे उतरवाया। वही इसके बाद पुलिस ने शव को बिछीवाडा अस्पताल की मोर्चरी में शिफ्ट करवाया।

वही पुलिस ने पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों के सुपुर्द किया। फिलहाल आत्महत्या के कारणों का खुलासा नहीं हो पाया है। पुलिस ने पत्नी की रिपोर्ट पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

इधर जितेन्द्र की मौत के बाद उसकी बेटी व गर्भवती पत्नी का रो-रो कर बुरा हाल है।

## सहस्त्र बड़ी औदीच्य दस गांव संस्थान की मासिक बैठक हुई




**ओबरी।** सहस्त्र बड़ी औदीच्य दस गांव संस्थान की मासिक बैठक गामड़ा ब्राह्मानिया के वृंदावन वाटिका में आयोजित हुई। जिसमें मुख्य अतिथि भूपेंद्र भट्ट, विशिष्ट अतिथि पुरुषोत्तम पंड्या एवं अध्यक्षता जगदीश जोशी ने की। बैठक में पिछले महीने समाज के पहले सामूहिक आयोजित हुए यग्योपवित कार्यक्रम की समीक्षा की गई। वहीं कोषाध्यक्ष देवीलाल भट्ट कोकापुर द्वारा आय व्यय का ब्यौरा प्रस्तुत किया गया। साथ ही समाज की भूमि क्रय के चंदे की बकाया राशि पर विचार विमर्श किया गया। इस अवसर पर अध्यक्ष जगदीश जोशी ने अपने उद्बोधन में कहा सभी को एकमत होकर समाज के उत्थान में सहयोग करने की जरूरत है। इस अवसर पर महामंत्री चिराग मेहता, उपसरपंच महेंद्र उपाध्याय, किशोर दवे, मगनलाल पंड्या, पंकज उपाध्याय, विनोद रावल, गिरीश भट्ट, रमेश व्यास सहित दसों गावों के पंच मौजूद रहे। संचालन नीलेश दवे ने किया।

## शराब ठेके से लाखों की शराब चोरी के मामले का बिछीवाडा थाना पुलिस ने किया खुलासा

### गुजरात निवासी 4 आरोपियों से सहित 5 आरोपी गिरफ्तार, मकान के पास मिली खाली बोतलों से पकड में आये आरोपी

**डूंगरपुर।** जिले की बिछीवाडा थाना पुलिस ने रतनपुर बोर्डर पर एक सरकारी शराब के ठेके से लाखो की शराब चोरी होने के मामले का खुलासा कर दिया है। पुलिस ने मामले में 5 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। इनमे से चार आरोपी गुजरात के रहने वाले है। मकान के पास मिली शराब की खाली बोतलों से मामले का खुलासा हुआ है। घटना 25 अप्रैल को हुई थी। पुलिस गिरफ्तार आरोपियों से पूछताछ कर रही है।

डूंगरपुर जिले के बिछीवाडा थाने के थानाधिकारी रणजीत सिंह ने बताया की 25 अप्रैल 2022 की रात को एनएच-48 के पास रतनपुर बोर्डर पर स्थित सरकारी शराब के ठेके की दीवार में सेंधमारी करके अज्ञात चोर ठेके से 3 लाख 30 हजार की अंग्रेजी शराब चुरा कर ले गए थे। इसके बाद शराब ठेकेदार की रिपोर्ट पर बिछीवाडा थाना पुलिस ने मामला दर्ज किया था। वही एसपी सुधीर जोशी के निर्देश पर बिछीवाडा थानाधिकारी रणजीत सिंह, रतनपुर पुलिस चौकी प्रभारी सुशील कुमार, कांस्टेबल वसीम खान, जितेन्द्र अहारी और देवीसिंह की टीम का गठन किया गया था। टीम ने अपना अनुसन्धान शुरू किया। टीम ने गुजरात और राजस्थान में जगह-जगह मुखबीर तंत्र को सक्रिय किया । इस पर पुलिस को सुराग मिला की जाम्बुडी गुजरात निवासी हितेश निनामा के घर के पास खेत में शराब की खाली बोतल पड़ी मिली है। जबकि गुजरात में शराब बंदी है और हितेश की आर्थिक स्थिति पता किया तो वो इतनी महंगी शराब खरीदकर पीने में सक्षम भी नही था। जिस पर पुलिस ने मौके पर जाकर दबिश दी और शराब की खाली बोतले अपना कब्जे में लिया। इसके बाद पुलिस ने चोरी हुई शराब के बैच नंबर और हितेश के घर के बाहर पड़ी बोतलों के बेच नम्बर से मिलान किया तो दोनों बेच नम्बर मिल गए । जिस पर पुलिस ने हितेश को हिरासत में लेकर पूछताछ की तो हितेश ने अपने अन्य चार साथियो के साथ मिलकर चोरी की वारदात करना कबूल किया। जिस पर पुलिस ने जाम्बुडी गुजरात निवासी 21 वर्षीय हितेश पिता विक्रम निनामा, कड़वाथ गुजरात निवासी 22 वर्षीय जगदीश पिता मनजी पारगी, जाम्बुडी गुजरात निवासी 21 वर्षीय जयदीप कुमार पिता भुरजी पाण्डोर, दमुनी बिछीवाडा निवासी 21 वर्षीय दिलीप पिता नरसी आमलिया और जाम्बुडी गुजरात निवासी वासुदेव पिता भुरजी पाण्डोर को गिरफ्तार कर लिया है। इधर पुलिस गिरफ्तार आरोपियों से पूछताछ कर रही है।

## जयपुर में राजीव गांधी सेंटर बनेगा एडवांस्ड टेक्नोलॉजी फिनिशिंग स्कूल

**जयपुर।** राज्य सरकार ने जयपुर में राजीव गांधी सेंटर ऑफ एडवांस टेक्नोलॉजी के रूप में फिनिशिंग स्कूल बनाने का फैसला किया है। इसमें वर्ल्ड क्लास कम्पनियां आईटी इन्नोवेशंस की ट्रेनिंग भी देंगी। साथ ही कैबिनेट ने अडानी रिन्यूएबल एनर्जी कम्पनी को जैसलमेर में 1000 मेगावाट सोलर पावर प्रोजेक्ट के लिए 2397 हेक्टेयर सरकारी जमीन कीमत लेकर अलॉट करने का भी बड़ा निर्णय लिया है। सरकार ने 'राजस्थान राज्य कर्मचारी GPF नियम, 2021' में संशोधन करने का फैसला भी लिया है। 1 जनवरी 2004 और उसके बाद नियुक्त राज्य कर्मचारियों पर नए प्रोविजन लागू होंगे। ऐसे कर्मचारी तय जीपीएफ कटौती करवाकर पहले से नियुक्त कर्मचारियों के समान ही जीपीएफ के दायरे में आ जाएंगे। गहलोत कैबिनेट ने नाथद्वारा में मेडि-टूरिज्म वेलनेस सेंटर बनाने, भरतपुर में भूतपूर्व CM पहाड़िया के नाम पर मेडिकल कॉलेज और स्कूल, राजस्थान इथेनॉल प्रोडक्शन प्रमोशन पॉलिसी में संशोधन करने और नेत्र सहायक कैडर में प्रमोशन के मौके बढ़ाकर 3 नई पोस्ट क्रिएट करने का भी फैसला लिया है। राजीव गांधी सेंटर ऑफ एडवांस टेक्नोलॉजी में आर-केट के रूप में फिनिशिंग स्कूल बनेगा। कैबिनेट ने इस सोसाइटी के रूप में चलाने का फैसला लिया है।

## प्राचीन जेठोला हनुमान मंदिर के जीर्णोद्धार कार्य शुरू, द्वितीय शीला पूजन कार्यक्रम संपन्न

**सीमलवाड़ा।** शनिवार को जेठाला मांडली हनुमान मंदिर जीर्णोद्धार हेतु द्वितीय शिला पूजन कार्यक्रम का आयोजन हुआ। जेठाला हनुमान मंदिर प्रांगण में आयोजित किया गया। शुरुआत में प्रथम शिला पूजन में एक लाख से ऊपर दान देने वाले 12 यजमानों को साफे और माल्यार्पण से स्वागत किया गया। शनिवार को 51 हजार से अधिक दान देने वाले यजमानों ने आचार्य रामचंद्र पंडित, शिल्पी नरेन्द्र सोमपुरा, महंत नरेंद्र गिरी के सानिध्य में शिला पूजन किया।

जेठाला हनुमान मंदिर चौरासी क्षेत्र का प्राचीन काल से आस्था का केंद है। यहाँ माघ पूर्णिमा को विशाल मेला भरता है जिसमें आस पास और गुजरात क्षेत्र से लाखों श्रद्धालु भाग लेते है। द्वितीय शीला पूजन में विविध धार्मिक अनुष्ठान के बाद हवन कार्यक्रम संपन्न हुआ। कार्यक्रम का संचालन मनोज कलाल और भूलेश्वर पटेल ने किया। ईश्वर पंचाल, प्रभु भाई, प्रवीण पटेल , कालू भाई पटेल, सरपंच ग्राम पंचायत मांडली कालूराम डामोर, कालू हीरा पटेल, आदि ने व्यवस्था में सहयोग किया। यह जानकारी जयेन्द्र कुमार पाटीदार मांडली ने दी।

